# आकाशवाणी श्री विजयपुरम

20.03.2025 समय : 1850

- कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी ने कहा कि केंद्र सरकार किसानों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है।
- आज विश्व गौरैया दिवस है। श्री विजयपुरम के चिड़ियाटापू में कार्यक्रम आयोजित।
- गाराचरमा स्थित डाइट में 'आई सी टी एकीकृत योग्यता आधारित शिक्षण' पर पांच दिवसीय इन–सर्विस शिक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला का उद्घाटन ।
- खेलो इंडिया पैरा गेम्स के दूसरे चरण की आज से शुरूआत ।

<><><><><><><>

कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी ने आज कहा कि केंद्र सरकार किसानों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है और उसने वर्ष दो हजार चौदह से उनके लिए कई कदम उठाए हैं। श्री चौधरी ने कहा कि सरकार ने पीएम किसान सम्मान निधि को लागू किया है और फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि की है।

<><><><><><><>

आज विश्व गौरैया दिवस है। यह दिन गौरैया की आबादी में तेज़ी से हो रही कमी के बारे में जागरूकता के लिए प्रयास है। हर वर्ष बीस मार्च को मनाया जाने वाला यह दिन पहली बार वर्ष दो हजार दस में विश्व के विभिन्न हिस्सों में मनाया गया था। इस सिलसिले में श्री विजयपुरम के जवाहर लाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय के नेचर क्लब और विज्ञान केन्द्र की ओर से चिड़िया टापू पर पक्षी अवलोकन का आयोजन किया गया। कॉलेज के सहायक प्रोफेसर डॉ. विवेक कुमार साहू, ने गौरैया के बारे में उपस्थित लोगों को पक्षियों को देखने के शौक, पेशे, संरक्षण के बारे में जानकारी दी। उन्होंने आकाशवाणी से बातचीत में इस दिन के महत्व पर प्रकाश डाला।

विज्ञान केंद्र के क्यूरेटर देबाशीष पॉल ने पक्षियों की विविधता और पहचान तकनीकों पर जानकारी साझा की। कार्यक्रम में चालीस छात्रों ने भाग लिया।

<><><><><><><>

आज दुनिया भर में अंतरराष्ट्रीय प्रसन्नता दिवस मनाया जा रहा है। यह दिन दुनिया भर में मानव जीवन में प्रसन्नता और कल्याण की भावना को रेखांकित करने के लिए मनाया जाता है। इस वर्ष का विषय है– देखभाल और साझा करना। इस अवसर पर संयुक्त राष्ट्र संघ ने विश्व प्रसन्नता रिपोर्ट–दो हजार पच्चीस जारी की। इस रिपोर्ट में खुशी और करूणा के वैश्विक विश्लेषण सहित कई सच्ची कहानियां हैं। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि कैसे भोजन साझा करना खुशी और सामाजिक संबंधों को बढ़ावा देता है।

<><><><><><><>

कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय ने पी.एम. इंटर्नशिप योजना के लिए अपना दूसरा ओपन हाउस आयोजित किया है, ताकि योजना के पात्र उम्मीदवारों को शामिल किया जा सके। मंत्रालय ने कहा कि यह पहल आवेदन के दौरान उम्मीदवारों के प्रश्नों और चिंताओं को दूर करने के लिए मंत्रालय की प्रतिबद्धता का हिस्सा है। मंत्रालय हर हफ्ते ये ओपन हाउस आयोजित करने की भी योजना बना रहा है, जिससे उम्मीदवारों को उनके सवालों के शीघ्र जवाब मिल सकें।

<><><><><><><>

गाराचरमा स्थित डॉ. एस राधाकृष्णन जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान ने 'आई सी टी एकीकृत योग्यता आधारित शिक्षण' पर पांच दिवसीय इन–सर्विस शिक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला का उद्घाटन किया। इसका उद्देश्य प्राथमिक विद्यालय के शिक्षकों को अत्याधुनिक डिजिटल शैक्षणिक उपकरणों से सशक्त बनाना है। डाइट की संकाय प्रभारी डॉ. सरस्वती ने उद्घाटन समारोह में छात्रों की उभरती जरूरतों और रुचियों के अनुरूप योग्यताओं को पोषित करने के लिए आईसीटी–आधारित शिक्षा शास्त्र को अपनाने पर जोर दिया। कार्यशाला में दक्षिण अंडमान और विम्बर्लीगंज शैक्षिक अंचल से पचास पी एस टी शामिल हुए।

<><><><><><><>

देश में फर्जी नौकरी रैकेट चलाने वाले तीन हजार से अधिक अवैध एजेंटों की पहचान की गई है। विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने राज्यसभा में एक लिखित उत्तर में कहा कि सरकार फर्जी नौकरी रैकेट के खतरों के बारे में ई–माइग्रेट पोर्टल, सोशल मीडिया हैंडल और प्रचार के अन्य तरीकों के माध्यम से सलाह जारी करती है। उन्होंने कहा कि मंत्रालय ने ई–माइग्रेट पोर्टल के माध्यम से सुरक्षित और कानूनी प्रवास पर जागरूकता अभियान चलाया है। इसके लिए मीडिया समूहों, पुलिस अधिकारियों और कानून प्रवर्तन एजेंसियों के लिए कार्यशालाएं, प्रशिक्षण, डिजिटल अभियान चलाए गए हैं।

<><><><><><><>

पर्यावरण संरक्षण के तहत लिटिल अंडमान वन प्रभाग की ओर से रवींद्र नगर के नाला मुंडी तट पर जैव विविधता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विभिन्न पांच पंचायतों के प्रधानों और पंचायती राज सदस्यों ने भाग लिया। इस अवसर पर जैव विविधता की सुरक्षा में स्थानीय शासन निकायों की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला गया। प्रभागीय वन अधिकारी सुनील कुमार ने अपने संबोधन में जैव विविधता के संरक्षण में सामुदायिक भागीदारी की भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सामुदायिक सहभागिता और पी आर आई हमारी समृद्ध पारिस्थितिक विरासत की रक्षा करते हैं। इस दौरान पी आर आई सदस्यों और वन कर्मचारियों ने नाला मुंडी तट से प्लास्टिक कचरे और मलबे को हटाने के लिए समुद्र तट सफाई अभियान में भाग लिया।

<><><><><><><>

खेलो इंडिया पैरा गेम्स का दूसरा चरण आज नई दिल्ली के इंदिरा गांधी स्टेडियम में शुरू हुआ। इसमें तेरह सौ से अधिक पैरा एथलीट छः खेलों में भाग लेंगे।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम के खेल एवं युवा मामले निदेशालय की ओर से स्कूली बच्चों के लिए विभिन्न खेलों में कोचिंग कक्षाएं आयोजित की जाएगी। यह कक्षाएं एथलेटिक्स, तीरंदाजी, बैडमिंटन, बास्केट बॉल, साइक्लिंग, क्रिकेट, फुटबॉल, हॉकी, कब्बडी, खो–खो, टेबल टेनिस, वॉलीबॉल और लड़कियों के लिए एरोबिक डांस में संचालित की जाएंगी। इच्छुक छात्र नेताजी स्टेडियम के कार्यालय में सभी कार्य दिवसों में सुबह दस से शाम चार बजे के बीच अपना नाम पंजीकृत करा सकते हैं।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम के ग्रामीण विकास, पंचायती राज और शहरी स्थानीय निकाय विभाग की ओर से एस डी जी थीम पर राज्य और ब्लॉक स्तरीय वीडियो और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। इसमें गरीबी मुक्त एवं उन्नत आजीविका गांव, स्वस्थ गांव, न्यायपूर्ण एवं सामाजिक रूप से सुरक्षित गांव, आत्मनिर्भर अवसंरचना, स्वच्छ एवं हरित गांव, महिला मित्रवत गांव जैसे विषय शामिल हैं। यह प्रतियोगिता बाईस मार्च को सी डी ब्लॉक प्रातरापुर स्थित पंचायत समिति के सम्मेलन हॉल में सुबह दस बजे आयोजित की जाएगी। सभी प्रतिभागियों से अपनी सामग्री के साथ सुबह साढ़े नौ बजे तक पहुंचने को कहा गया है। आयोजन स्थल पर कोई सामग्री उपलब्ध नहीं कराई जाएगी। वीडियो मेकिंग प्रतियोगिता के संबंध में, इच्छुक उम्मीदवारों से एस डी जी थीम पर एच डी गुणवत्ता वाला वीडियो सी डी या पेन ड्राइव में दोपहर साढ़े बारह बजे तक कार्यालय में जमा करने को कहा गया है। प्रतियोगिता सिर्फ प्रातरापुर ब्लॉक के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायतों के स्कूली और कॉलेज के छात्रों के लिए आयोजित की जा रही है।

<><><><><><><>